PROF. MANOJ KUMAR JHA (Bihar): Sir, there has been a tradition in the House. ...*(Interruptions)*...

MR. DEPUTY CHAIRMAN: Zero Hour. ...*(Interruptions)*...

---

## MATTERS RAISED WITH PERMISSION

### Irregularities in appointment of Vice-Chancellors in the State Universities in violation of guidelines of the University Grants Commission (UGC)

**डा. राधा मोहन दास अग्रवाल** (उत्तर प्रदेश) : माननीय उपसभापति महोदय, मैं आपका आभारी हूं कि आपने मुझे सदन में अपना विषय रखने का अवसर दिया है। ..**(व्यवधान)**..महोदय, देश की उच्च शिक्षा, देश का भविष्य है। ..**(व्यवधान)**..भारत सरकार ने उच्च शिक्षा के गुणवत्ता मानक, उसके पाठ्यक्रम को नियंत्रित करने के लिए 'यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन एक्ट' की स्थापना की है और विश्वविद्यालय अनुदान आयोग का गठन हुआ है। ...**(व्यवधान)**..

SHRI P. CHIDAMBARAM (Tamil Nadu): Mr. Deputy Chairman, Sir, will there be a discussion? ...*(Interruptions)*...

**डा. राधा मोहन दास अग्रवाल :** विश्वविद्यालय अनुदान आयोग अपने रेग्युलेशन्स में यह स्पष्ट रूप से बताता है कि देश के सारे विश्वविद्यालयों में कुलपतियों की नियुक्ति किन नियमों के तहत की जानी चाहिए। ..**(व्यवधान)**.. विश्वविद्यालय अनुदान आयोग कहता है कि एक सर्च कमेटी बनाई जाएगी और इस सर्च कमेटी में कोई भी नॉन-एकेडेमिक व्यक्ति नहीं होगा। ..**(व्यवधान)**.. यह सर्च कमेटी कम से कम तीन और यदि संभव हो तो तीन से पाँच लोगों के नाम का पैनल चाँसलर को भेजेगी। ..**(व्यवधान)**..

**श्री उपसभापति** : सिर्फ डा. राधा मोहन दास अग्रवाल जी की बात ही रिकॉर्ड पर जा रही है। ..**(व्यवधान)**..

**डा. राधा मोहन दास अग्रवाल** : चाँसलर उस तीन या पाँच नाम के पैनल में से किसी एक नाम का चयन करेगा। ..**(व्यवधान)**..अगर सर्च कमेटी तीन से कम व्यक्तियों के नाम भेजती है और यदि ऐसा कोई भी चयन होता है, तो वह ऐब इनिशियो होगा। ..**(व्यवधान)**..अर्थात् चयन के अगले दिन से ही वह नल् एंड वॉइड हो जाएगा। ..**(व्यवधान)**..

उपसभापति जी, माननीय उच्चतम न्यायालय ने एक राज्य के - महोदय, मैं उस राज्य का नाम यहाँ पर नहीं ले रहा हूं।..**(व्यवधान)**..उन्होंने एक राज्य के एपीजे अब्दुल कलाम विश्वविद्यालय के कुलपति के चयन को नल् एंड वॉइड घोषित किया। उसके बाद हाई कोर्ट में

उसी राज्य के एक दूसरे विश्वविद्यालय KUFOS में भी वाइस चाँसलर के चयन को नल् एंड वॉइड घोषित किया गया।..**(व्यवधान)**.. उसके बाद पता चला कि उस राज्य में नौ ऐसे विश्वविद्यालय हैं, जिनकी सर्च कमेटी में या तो ऐसे लोग हैं, जिनको नहीं होना चाहिए था या उस सर्च कमेटी ने तीन नाम के या पाँच नाम के पैनल को भेजने की जगह पर सिर्फ एक नाम को भेजने का काम किया। ..**(व्यवधान)**..मैं उस राज्य का नाम नहीं लूंगा, लेकिन उन विश्वविद्यालयों का नाम लूंगा। महोदय, ये नाम हैं - केरल यूनिवर्सिटी, कोचीन यूनिवर्सिटी, कालीकट यूनिवर्सिटी, महात्मा गाँधी यूनिवर्सिटी ऑफ केरल, आदि शंकराचार्य यूनिवर्सिटी ऑफ केरल ..**(व्यवधान)**.. कालीकट यूनिवर्सिटी ..**(व्यवधान)**..

**श्री उपसभापति** : 12.30 बजे स्टेटमेंट हो रही है। ..**(व्यवधान)**..

**डा. राधा मोहन दास अग्रवाल** : अर्थात् उस राज्य में जितने भी बड़े विश्वविद्यालय थे, उनमें सबका चयन गैरकानूनी तरीके से किया गया था। माननीय मंत्री जी यहाँ बैठे हैं, मैं माननीय मंत्री जी से अपेक्षा करूंगा कि वे यूनिवर्सिटी ग्रांट्स कमीशन को इस बात का निर्देश देंगे। ..**(व्यवधान)**..माननीय धर्मेंद्र प्रधान जी यहाँ पर उपस्थित हैं। वे इस बात का निर्देश देंगे कि नियमों को तोड़कर जितनी भी ऐसी नियुक्तियाँ इन नौ विश्वविद्यालयों में हुई हैं, उनको नल् एंड वॉइड घोषित किया जाए। ..**(व्यवधान)**.. इसके साथ ही, अगर उस राज्य में अन्य और कोई भी नियुक्तियाँ हुई हैं, तो उनको भी नल् एंड वॉइड घोषित किया जाए।..**(व्यवधान)**..

**श्री सकलदीप राजभर** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री दीपक प्रकाश** (झारखंड) : महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री अजय प्रताप सिंह** (मध्य प्रदेश) : महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री कैलाश सोनी** (मध्य प्रदेश) : महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

**श्री बृजलाल** (उत्तर प्रदेश) : महोदय, मैं भी स्वयं को इस विषय के साथ संबद्ध करता हूं।

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

DR. FAUZIA KHAN (Maharashtra): Sir, I too associate myself with the issue raised by the hon. Member.

**सामाजिक न्याय और अधिकारिता मंत्रालय में राज्य मंत्री (श्री रामदास अठावले)** : उपसभापति जी, कांग्रेस पार्टी और अन्य विपक्षी दल जिस प्रकार से हंगामा कर रहे हैं..**(व्यवधान)**.. उससे आने वाले लोक सभा चुनाव में नुक़सान होगा। ...**(व्यवधान)**...

**श्री उपसभापति** : श्री ईरण्ण कड़ाड़ी जी, आप बोलिए। ...**(व्यवधान)**... कृपया अपनी-अपनी सीट पर जाएं। ...**(व्यवधान)**... 12.30 बजे माननीय रक्षा मंत्री जी बयान दे रहे हैं। Please go back to your seats. ...*(Interruptions)*...

**Need for Karnataka regiment in Indian Army**

SHRI IRANNA KADADI (Karnataka): *"Hon. Deputy Chairman, Sir, Karnataka is the birthplace of brave warriors. To begin with, we have Kittur Rani Chennamma who started revolt against the British in the first war of independence. Rani Abakka, Keladi Rani Chennamma and Iron lady from Chitradurga Onakke Obava assaulted Hyder Ali's army with her wooden pestle. Belvadi Malamma led an organisation with more than 2000 women. This way Karnataka has displayed its valour and bravery to the entire Nation. ...*(Interruptions)*...

Sir, post-Independence ...*(Interruptions)*... the first Field marshal General K M Kariappa and third Army General K S Thimayya are the brave Kannadigas who have served the army." ...*(Interruptions)*...

DR. AMAR PATNAIK (Odisha): Sir, I associate myself with the matter raised by the hon. Member.

DR. SANTANU SEN (West Bengal): Sir, I also associate myself with the matter raised by the hon. Member.

MR. DEPUTY CHAIRMAN: The House stands adjourned till 12.00 noon.

*The House then adjourned at twenty-five minutes past eleven of the clock.*

---

*The House reassembled at twelve of the clock,*
MR. DEPUTY CHAIRMAN *in the Chair.*

---

* English translation of the original speech delivered in Kannada.